www.modelquestionpapers.in

द्वितीय कालांत मूल्यांकन - 2013

Third Language

HINDI

कक्षा - IX

कुल स्कोर: 40

समय: 1½ घंटे

सामान्य निर्देश:

- सभी प्रश्नों के निर्देश ध्यान से पढ़ें ।
- पंद्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम दिया जाएगा। यह प्रश्न-पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी केलिए है।
- 7 से 9 तक और 22 से 24 तक के प्रश्नों में विकल्प हैं।

---

1. तालिका की पूर्ति करें । 3

पाठ	*प्रोक्ति*	*रचयिता*
२२-११८१	आत्मकथा	ओमप्रकाश वाल्मीकी
खेती नहीं करनेवाला किसान	कविता	.....
अपील मानवता के नाम पर	२१२ लेख	मोहनदास करमचंद गाँधी

2. निम्नलिखित घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें। 2

- बिशनी से मुलाकात हुई।
- लोग जंगली रास्ते से बच निकले ।
- बर्मी लड़कियाँ गाँव पहुँचीं ।
- बर्मा में युद्ध छिड़ गया।

3. निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं से हेडमास्टर कालीराम की विशेषताएँ लिखें। 2

- सबको समान रूप से देखनेवाला।
- ऊँच-नीच का भेदभाव रखनेवाला।
- गरीबों के प्रति सहानुभूति न रखनेवाला।

सूचनाः सही उत्तर चुनकर लिखें ।

4. पाँव सहलाने का अर्थ है ? 1

(सहायता देना, खुशामदी करना, पाँव खींचना)

5. आपके विरोधी आपको राक्षस चित्रित करते हैं। किसको? 1

(गाँधीजी को, हिटलर को, मुसोलिनी को)

6. कानों में छेद नहीं है, क्या? किससे पूछा? 1

(नौजवान लड़के से, स्त्री से, किसान से)

सूचनाः - 7 से 9 तक के प्रश्नों से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । 2 x 2 = 4

7. 'उसका तर्क है कि
सभ्य होने केलिए ज़रूरी है'...। सभ्य होने केलिए क्या-क्या ज़रूरी हैं?

8. "यहाँ तो आप लोग स्वर्ग में रहती है माँ जी"।
बर्मी लड़की भारत को स्वर्ग क्यों कहती है?"

9. "काल-सूर्य के रथ के
पहियों को ज्यों अरे टूटकर
बिखर गए हो
दसों दिशा में?"

यहाँ कवि की इशारा किस ओर है?

सूचनाः निम्नलिखित अंश का संशोधन करके लिखें । 2

10. गोपिका हमारे स्कूल का लड़की है । वह दसवीं में पढ़ता है। भाई उसका रोषन है। वह आठवीं का चात्र है।

सूचनाः रेखांकित शब्द के उपसर्ग अलग करके लिखें । 1

11. उनकी नज़र में हम असभ्य है, अप्रिय है।

सूचनाः उचित योजक का प्रयोग करके लिखें।

12. मुझे बुखार था। मैं स्कूल नहीं गया ।

(इसलिए, ताकि, किंतु) 1

सूचना: निम्नलिखित कवितांश पढ़कर नीचे के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कारखानों के धुएँ को रोके,
जंगलों को काटना बंद करें,
धूप-हवा का रास्ता न रोकें,
नदियों का प्रदूषण बंद करें।

प्रकृति हमारी दुश्मन नहीं है,
आओ प्रकृति से हम प्यार करें,
पर्यावरण की रक्षा की खातिर,
आओ हम सबको तैयार करें।

13. कवितांश में किसकी रक्षा करने का संदेश दिया गया है ? 1

14. कवितांश के लिए उचित शीर्षक दें । 1

15. कवितांश का आशय लिखें। 3

सूचना: - निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मृत सागर दुनिया का एक अजूबा है। जो इज़राइल और जोरदान के बीच फैला हुआ है। आप इसकी लहरों पर लेटकर अखबार पढ़ सकते हैं। **लाख कोशिशों के बावजूद इस समुद्र में कोई** डूब नहीं सकता। मृत सागर में सबसे अधिक खारे पानी का भंडार है। **इसी खारेपन के कारण** मृत सागर के पानी का घनत्व साधारण पानी की तुलना में कई गुना अधिक है। इसी कारण मनुष्य या कोई भी वस्तु मृत सागर में डूबती नहीं, तैरती रहती है।

(अजूबा = അത്ഭുതം, खारेपन = ഉപ്പുരസമുള്ള, घनत्व = സാന്ദ്രത)

16. मृत सागर कहाँ स्थित है? 1

17. गद्यांश से दो विशेषण शब्द चुनकर लिखें । 1

18. **खारेपन, घनत्व**-इन शब्दों से प्रत्यय अलग कर लिखें । 1

19. मृत सागर की मुख्य विशेषता क्या है? 2

20. इसकी लहरों पर - में सर्वनाम है (ये, यह, वह) 1

सूचना: पोस्टर तैयार करें ।

21. मान लें, आप के स्कूल में "हिंसा पर अहिंसा की विजय" - विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हो रहा है। इस की सूचना देते हुए एक पोस्टर तैयार करें। 3

सूचनाः - 22 से 24 तक के प्रश्नों से किन्हीं दो के उत्तर लिखें। (2 x 4 = 8)

22. पिताजी ने जब ओमप्रकाश को स्कूल में झाड़ू लगाते देखा तो नाराज़ होकर पूछने लगे। 'पढ़ाई के समय तू झाड़ू क्यों लगा रहा है?' इस प्रसंग पर पिताजी और ओमप्रकाश के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें।

- स्कूल के पहले दिन का अनुभव।
- हेडमास्टर से पिताजी की पूछताछ।

23. मान लें, हिटलर को गाँधीजी द्वारा लिखा गया पत्र स्थानीय अखबारवाले को अब ही मिला है। उसके बारे में अगले दिन के समाचार पत्र में एक रपट निकली। - वह रपट लिखें।

24. निम्नांकित संकेतों के आधार पर किसान की जीवनी का अंश लिखें।

- बैल बेचकर महाजन का कर्ज चुकाना।
- बैल के स्थान पर साइकिल निकालना।
- फसलों को भूलना।
- मालिक की कर्कश डाँट सुनना।

कल तक वह किसान (नाम) खेत में कठिन मेहनत करता था। अपने बीवी- बच्चों का पेट न भर पाने के कारण.....

.....

.....